हमपे दया कर गले से लगाओ | By Mukesh Bagda

हमपे दया कर गले से लगाओ
हमारी खता को ना दिल से लगाओ

ज़माने ने इतने सितम हम पे ढाये
ना अब तो तेरा ये जहाँ हमको भाये
बुला लो शरण में ना इतना रुलाओ
हमारी खता को ना दिल से लगाओ

है मतलब के रिश्ते ये मतलब के नाते
मुसीबत में कोई नज़र ये ना आते
मुझे श्याम ऐसे जहाँ से बुलाओ
हमारी खता को ना दिल से लगाओ

बनाकर सदा कोई झूठा फ़साना
रुलाता है मुझको सदा ये ज़माना
ज़माने के आगे ना हम को झुकाओ
हमारी खता को ना दिल से लगाओ

तमन्ना यही है अमन तुमको पा लूँ
है जब तक ये सांसें भजन तेरा गा लूँ
जहाँ जब मैं छोडूं चिता तुम जलाओ
बांहो में अपनी मुझे तुम झुलाओ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%97%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%93-by-mukesh-bagda/